हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, रविवार, 17 अगस्त 2025

11 नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा करवाई




12 सांसद ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण



## खबर संक्षेप

### गोगा नवमी के उपलक्ष्य में कानोंदा में भंडारा आज

**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा स्थित जाहरवीर गोगा मंदिर में आज रविवार को गोगा नवमी के उपलक्ष्य में 16वें देशी घी के भंडारे का आयोजन गोगाजी चेरिटेबल ट्रस्ट व ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। बिजेंद्र नंबरदार ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडारे में छिल्लर-छिकारा क्षेत्र के गांवों, राजनीतिक, सामाजिक हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। विभिन्न शहरों में बसे गांव के लोग भी यहां आकर पूजा अर्चना करेंगे।

### मातनहेल में युवक ने फंदा लगाया

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव मातनहेल की बणी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव एक पेड़ लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान जिले के गांव सेहलंगा निवासी करीब 22 वर्षीय योगेश के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी जोगिंद्र ने बताया कि योगेश बीएससी की पढ़ाई कर रहा था तथा अपने मामा के यहां नीमली गांव में रहता था। शुक्रवार को उसने मातनहेल बणी में जाकर फांसी लगा ली। इस मामले में एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें किसी को भी मौत का जिम्मेवार नहीं ठहराया गया। मृतक के मामा कुलदीप के बयानों पर इत्तिफाकिया कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### नूना माजरा में मकान में चोरी व तोड़फोड़




**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में स्थित एक मकान में चोरी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक युवक व उसके साथी पर वारदात को अंजाम देने का आरोप है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकात में नूना माजरा की निवासी भावना ने कहा है कि रात करीब ढाई बजे मकान में यह वारदात हुई है। जब उन्होंने देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। सामान के साथ तोड़फोड़ की गई थी। इस दौरान दो घड़ी और करीब तीन हजार रुपये की नकदी भी गायब थी। तोड़फोड़ में भी काफी नुकसान हुआ है। इसके बाद हमने कैमरे चेक किए तो फुटेज में गांव का ही एक युवक नजर आया। उसके दूसरे साथी को हम नहीं जानते। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने भावना की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही मामले को सुलझाने की बात कही जा रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर व महादेव से पूरी दुनिया ने देखा भारत का पराक्रम : रामचंद्र जांगड़ा

## देशभक्ति की उमंग के साथ मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

**झज्जर।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह रोडवेज वर्कशॉप परिसर में धूमधाम व देशभक्ति से सराबोर माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने समारोह का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की धुन ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्यातिथि ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। हरियाणा पुलिस, होमगार्ड और विद्यालयों की अनुशासित एनसीसी की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट करते हुए देश की एकता, अनुशासन और वीरता का संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज मुझे यह कहते हुए बड़ा गर्व का अनुभव हो रहा है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सात मई की रात को हमारे बहादुर सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। यह एक सटीक और साहसिक अभियान था, जिसमें हमारी सेना ने पाकिस्तान की सरजमीं पर मौजूद आतंकवाद के नौ ठिकानों को ध्वस्त किया। इसके पश्चात एक और निर्णायक कार्रवाई की गई और ऑपरेशन महादेव चलाकर हमारे सुरक्षाबलों ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को समाप्त करने का काम किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में झलका देश प्रेम

परेड के पश्चात, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बाल कलाकारों और युवाओं ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से आजादी के मतवालों के संघर्ष और बलिदान को जीवंत कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागी स्कूलों को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, युद्ध वीरांगनाओं, शौर्य पदक विजेता पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया

## बहादुरगढ़ में विधायक राजेश जून ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी




### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

बहादुरगढ़। शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में शुक्रवार को देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक राजेश जून ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने शहीदी स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि राजेश जून देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों के साथ जांबाज जवानों को नमन किया। विधायक राजेश जून ने युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभिन्न गतिविधियों में अग्रणी रहने वाली टीमों को विधायक राजेश जून ने पुरस्कृत किया। एसडीएम नसीब कुमार ने प्रशासन की तरफ से शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर विधायक का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर तहसीलदार सुदेश मेहरा, नायब तहसीलदार अनिल कुमार, एसीपी दिनेश कुमार, एसीपी प्रदीप खत्री, ईओ अरुण नांदल, सचिव प्रवीण कुमार, सुनील हुड्डा, बीईओ शेर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, संजीव सैनी, अशोक गुप्ता, सुमित्रा तेवतिया व पूजा व अन्य मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी बलिदानियों की महान गौरवगाथा : सांगवान



### दादरी विधायक ने किया ध्वजारोहण

**बेरी।** हर घर तिरंगा थीम के साथ भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इससे पहले उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के साथ हमारे देशभक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरवगाथा जुड़ी हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबा संघर्ष किया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों के साथ-साथ उन जांबाज जवानों को नमन किया,जिन्होंने आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओतप्रोत अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

...स्वतंत्रता दिवस का पैकेज पेज 12 पर

# निर्माणधीन मकान की छत गिरने से मजदूर दबे, आसौदा में गिरी राजकीय स्कूल की छत



- शहर की छिकारा कॉलोनी में हादसा
- बरसात के दौरान निर्माणधीन मकान की छत का कुछ हिस्सा गिर गया
- हादसे में चार श्रमिक घायल हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की छिकारा कॉलोनी में हादसा हो गया। यहां बरसात के दौरान निर्माणधीन मकान की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे मजदूर सहित चार लोग घायल हो गए। सभी की हालत खतरे से बाहर है। वहीं, बरसात के कारण बिजली घर में भी छज्जे का मलबा गिर गया। हादसा 15 अगस्त की दोपहर को हुआ। जानकारी के अनुसार, यहां छिकारा कॉलोनी में देवेंद्र नाम के एक शख्स द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। कुछ समय पहले ही छत डाली गई थी। शुक्रवार को बरसात के दौरान छत को सहारा देने के लिए लगा स्पोर्टर हट गया। इससे छत के आगे का हिस्सा गिर गया। इस दौरान निर्माण कार्य में लगे महेंद्र, लद्दन निवासी यूपी, राहुल निवासी छिकारा कॉलोनी घायल हो गए। इतना ही नहीं, मजदूरों के पास किसी काम से आया काकू भी चपेट में आ गया। हादसे में चारों को काफी चोट आई। आसपास के लोग इकट्ठे हुए और घायलों को अस्पताल में ले जाया गया।

### बिजली घर का छज्जा गिरा



## हादसे के बाद स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी

**बहादुरगढ़।** इलाके में सरकारी शिक्षण संस्थानों के भवनों की हालत दिनोंदिन बदहाल होती जा रही है। कई विद्यालयों के कमरे पहले ही कंडम घोषित किए जा चुके हैं, वहीं कई इमारतें इसी स्थिति की ओर बढ़ रही हैं। आए दिन कहीं न कहीं छत से मलबा गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला गांव आसौदा सिवान के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का है। यहां वीरवार को बरसात के बीच एक कमरे की छत का हिस्सा अचानक टूटकर नीचे गिर गया। छत पर बड़ा छेद बन गया। गनीमत रही कि कोई छात्रा या शिक्षक इसकी चपेट में नहीं आया।



**बहादुरगढ़।** मलबा गिरने से स्कूल के कमरे की छत में बना छेद।

### स्कूल का कुछ हिस्सा पहले से कंडम घोषित

बताया जाता है कि विद्यालय के कुछ हिस्सों को पहले ही कंडम घोषित किया जा चुका है और वहां बच्चों को बैठाने पर रोक है। हालांकि हादसे के समय उस हिस्से में बच्चे मौजूद थे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। सूचना मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने दौरा किया। बीईओ का कहना है कि जब वे स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल मौजूद नहीं थे। भवन की मरम्मत के लिए बजट जारी हुआ या नहीं, अब तक क्या कदम उठाए गए, यह जांच का विषय है। बीईओ ने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## लगातार तीसरे दिन हुई बारिश से जलभराव

**बहादुरगढ़।** इलाके में लगातार तीन दिन से बारिशभरा मौसम है। जन्माष्टमी पर शनिवार दोपहर भी झमाझम बारिश हुई। लगभग साढ़े 22 एमएम बरसात दर्ज की गई। बरसात से कई जगह जलभराव हो गया। शनिवार की शुरुआत सुबह तेज धूप के साथ हुई थी लेकिन 12 बजे के आसपास मौसम बदल गया और तेज बरसात शुरू हुई। काफी देर तक बरसने के बाद मौसम खुला लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। देर शाम तक भी बारिश की संभावना बनी हुई थी। दरअसल, बीते तीन दिन से यहां लगातार बारिश हो रही है। आसमान में बादल छाए रहते हैं। कभी रात को तो कभी दिन में हलकी या तेज बारिश हो जाती है। वीरवार को 13 एमएम, शुक्रवार को साढ़े 14 एमएम और शनिवार को दोपहर तीन बजे तक लगभग साढ़े 22 एम एम बरसात हो चुकी थी। आगामी कुछ दिनों तक इलाके में बरसात के आसार बने हुए हैं।



## डीआरडीओ की एसपीआईसी टीम पर पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी

**बहादुरगढ़।** डीआरडीओ के अंतरगत आने वाली एसपीआईसी की एक टीम पर बहादुरगढ़ इलाके में पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। मामला जसोरखेड़ी के निवासी कृष्ण से जुड़ा है। कृष्ण दिल्ली कैंट स्थित एसपीआईसी कार्यालय में बतौर ड्राइवर कार्यरत है। जानकारी के अनुसार, गत 24 जुलाई को कृष्ण कुमार के खिलाफ केंद्रीय सिविल सेवा नियम 1965 के नियम-14 के तहत एक आरोपपत्र जारी किया गया था। विभाग द्वारा कई बार चार्जशीट उसके पर डाक से भेजी गई, लेकिन रिसीव न होने के कारण हर बार डाक वापस लौट गई। इसके बाद सात अगस्त को एसपीआईसी की ओर से चार सदस्यीय टीम गठित कर चार्जशीट देने के लिए कृष्ण के यहां भेजी गई। आरोप है कि जब वे कृष्ण कुमार के घर पहुंचे तो उनके घर वालों ने इंतजार करने को कहा। कुछ देर बाद आरोपी वहां आया तो उसने कमरा बंद कर लिया और टीम सदस्य प्रदीप कुमार पर पिस्तौल तान दी। गाली-गलौच करते हुए सरकारी टीम को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, चेतावनी देते हुए कहा कि एसोसिएट डायरेक्टर व साइंटिस्ट-जी संजय पाल को भी परिणाम भुगतने होंगे। उसने चार्जशीट लेने से साफ इंकार कर दिया और चेतावनी दी कि अगर टीम तुरंत वहां से नहीं गई तो उन्हें बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। जिसके बाद टीम वहां से लौट गई और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। फिर एसपीआईसी ने बहादुरगढ़ पुलिस को लिखित शिकायत दी। शिकायत में कहा गया है कि कृष्ण ने सरकारी कर्मचारियों के आधिकारिक कर्तव्यों में बाधा डालते हुए उन्हें हथियार के बल पर धमकाया और जान से मारने की कोशिश की। वहीं, इस शिकायत पर आसौदा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

■ विभाग के चालक को चार्जशीट देने पहुंची थी टीम, शिकायत पर आसौदा थाने में केस दर्ज

## पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले भर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल रहा। सांय ढले मंदिरों में श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंजते रहे। शहर के बाबा प्रसाद गिरी मंदिर, मेन बाजार स्थित बाबा हनुमान मंदिर, बूढ़ा महादेव मंदिर, चौरासी घंटे वाला मंदिर, श्याम खाटू जी मंदिर, कांशीगिरी मंदिर, छावनी मौहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर, पंडित लेखराज मंदिर, गोपाल मंदिर, दुर्गा भवन मंदिर सहित तमाम मंदिरों की खूब साज सज्जा की गई, वहीं झांकियां भी आर्कषण का केंद्र रही। पर्व के चलते जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

# जन्माष्टमी का उत्साह, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





### मंदिरों के आसपास सादे कपड़ों में पुलिस रही तैनात

जन्माष्टमी पर्व को लेकर जिलाभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए है। पीसीआर व राईडर को भी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर गश्त करने के निर्देश दिए गए है। भीड़-भाड़ वाले स्थानों सादे कपड़ों में भी पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई है। देर रात तक श्रद्धालु मंदिर में पहुंचते रहे और जन्माष्टमी का पर्व मानते रहे।

...संबंधित समाचार पेज 11 पर

# नाले का स्लैब टूटने से धंस गया गेहूं से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर रोड पर नाले का स्लैब टूटने से गेहूं से भरा ट्रक धंस गया। गनीमत रही कि कोई चपेट में नहीं आया। हालांकि ट्रक काफी देर तक धंसा रहने के कारण गली में आवागमन बाधित रहा, वहीं झज्जर रोड पर भी वाहनों की रफ्तार थम गई। झज्जर रोड पर मुख्य डाकघर के पास शनिवार की सुबह यह घटना हुई। दरअसल, यहां मौजूद एक राशन डिपो पर गेहूं की सप्लाई लेकर एक ट्रक आया था। झज्जर रोड से गुरुद्वारे वाली गली में बैक होते वक्त जब ट्रक का पिछला पहिया नाले के स्लैब पर टिका तो अचानक टूट गया और ट्रक का पहिया उसमें धंस गया। काफी देर तक ट्रक झुका रहा, जिससे यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई। बाद में ट्रक को खाली किया गया और फिर उसे गड्ढे से बाहर निकाला जा सका। ट्रक पर लगा तिरपाल कई जगह से फटा हुआ था। इस वजह से बरसात में गेहूं भीग गया। बारिश के पानी से गेहूं की बोरी भीगने पर लोगों ने विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठाए।




## स्वतंत्रता दिवस पर छाए युवा



**बहादुरगढ़।** स्विमिंग पूल में तैरते हुए तिरंगा लहराते अनिल खत्री व अन्य।

### तैराकी करते हुए लहराया तिरंगा

बहादुरगढ़। शहर की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। भारतीय तैराकी संघ एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की छत पर ध्वजारोहण किया और सलामी दी। इसके बाद तैराकों के साथ मिलकर स्विमिंग पूल में तिरंगा परेड भी निकाली। तैराकों ने हाथों में तिरंगा लेकर तैरते हुए देश के वीरों को अपनी सलामी दी। इस अवसर पर सुरेश जून व एनआरआई अनिल भी मौजूद रहे।

## दिन में निकाली गई शोभायात्राएं, रात में मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

# जन्माष्टमी पर रही जय कन्हैया लाल की धूम


बहादुरगढ़। एक घर में भगवान कृष्ण के बाल रूप को झुलाते बच्चे। फोटो :हरिभूमि


झज्जर। जहारवीर गोगा पीर के दर्शनों के लिए मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूरे दिन कृष्ण के भजनों की गूंज चारों ओर सुनाई देती रही। तमाम श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन दिखाई दिए। मंदिरों में बच्चों को मनमोहक राधा कृष्ण का रूप देकर झांकियां प्रस्तुत की गई। शाम होते ही मंदिरों में लोगों की भीड़ बढ़ना शुरू हो गई। शहर के तमाम मंदिरों में जन्मोत्सव के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सजावट एवं झांकियां देखने वालों का तांता लगा रहा। कान्हा के भजनों पर भक्त नृत्य कर झूमते नजर आए। देर रात पूजा पाठ के बाद प्रसाद का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सोलह कलाओं से युक्त भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर में चारों ओर जन्माष्टमी की धूम देखी गई। कृष्ण जन्माष्टमी के चलते शहर में जगह-जगह तैयार की गई झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही।

रेलवे रोड स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर सेवा समिति की ओर से 17वां विशाल जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। सुंदर झांकियों के बीच भक्त कृष्ण जी की एक झलक पाने को आतुर रहे। जटवाड़ा मोहल्ला स्थित तीन शक्ति मंदिर प्रबंधन की तरफ से शहर में भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकियां निकाली गई। शहर के इस्कॉन मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण की झांकियां श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। शहर के सत्यनारायण मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, राज राजेश्वरी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर और महावीर मंदिर में भी जन्माष्टमी पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। रात तक झांकियों को देखने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पंडित महेंद्र शर्मा ने बताया कि भगवान ने भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि को कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में जन्म लिया था। भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे, इसलिए इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है।

## खानपुर गांव में हुई दो दिवसीय मेले की शुरूआत आज होगा इनामी कुश्ती दंगल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खानपुर कलां में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व गोगा नवमी के उपलक्ष्य में लगने वाला दो दिवसीय मेला शनिवार से शुरू हो गया है। पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेला स्थल पहुंच कर जाहरवीर गोगाजी की प्रतिमा के समक्ष माथा टेक मन्नत मांगी। गोगा मेला कमेटी प्रधान अत्तर सिंह ने बताया कि रविवार को मेले के दूसरे दिन कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पहला ईनाम एक लाख 21 हजार रुपये व दूसरा ईनाम 51 हजार रुपये, तीसरी कुश्ती 31 हजार रुपये की होगी। इसके अलावा भी कई ईनामी कुश्तियों में पहलवान अपना जोर आजमाएंगे। मेले में लगाई गई मीठे पानी की छबील में भी लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। खानपुर कलां मेडी की प्रचलित कथा : खानपुर कलां की मेड़ी बारे प्रचलित कथा के अनुसार केसरिया नामक किसान गांव छोड़कर दूसरे स्थान पर जा रहा था। गांव झांसवा खेड़ा पर तेज बारिश होने लगी। तभी आकाशवाणी हुई कि मेरी मेड़ी पक्की बनवा कर अपने गांव जाओ और केसरिया को खजाने से भरा टोकरा दिखाई दिया। बताते हैं कि केसरिया ने उसी खजाने की सहायता से करीब दो सौ वर्ष पूर्व मेड़ी को पक्का बनवाया था।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमारियां व अतिथि। फोटो :हरिभूमि

## सेक्टर-2 में ब्रह्माकुमारियों ने मनाया महोत्सव

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र पर स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने "सच्ची स्वतंत्रता" का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट किया। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के तीन रंगों का आध्यात्मिक अर्थ भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति, दूरदर्शन के रिटायर्ड डायरेक्टर देवेंद्र सैनी और जयभगवान सोनी ने मुख्य रूप से शिरकत की। बीके भारत, बीके सुनंदा बहन, बीके नवीन, बीके रूबी व बीके अंजू बहन ने देशभक्ति गीत गाए। स्मृति, विदेही और गीत ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। बीके लक्ष्मी दीदी ने कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर ज्ञान–युक्त प्रश्नावली आयोजित की। "नशा मुक्त भारत" बनाने का संकल्प लिया।


झज्जर। जन्माष्टमी पर्व की झांकी में बाल गोपाल का रूप धारण किए हुए नन्हें विद्यार्थी।

## श्रीराधा-कृष्ण की झांकी भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही

**झज्जर।** जय मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल दुल्हेड़ा में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनेक देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जालियावाला बाग नरसंहार, लाला लाजपतराय लाठचार्ज तथा शहीद राजगुरु, सुखदेव व भगतसिंह के जीवन पर आधारित जीवंत लघु नाटक की प्रस्तुति ने सभी को भावुक किया। इसके अलावा जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में निकाली गई श्रीराधा-कृष्ण की झांकी भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय निदेशक शगुन शर्मा ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। प्राचार्य रोहित शर्मा ने जन्माष्टमी के पौराणिक महत्व से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया।

## न्यूज डायरी

### सतबीर बने बसपा जिलाध्यक्ष


बहादुरगढ़। सतबीर का मुंह मीठा कराते वरिष्ठ पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** बहुजन समाज पार्टी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांव सांखोल में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सतबीर जाखौदा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव व जोन प्रभारी हेमंद्र मेहरा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जिले में पार्टी की पकड़ गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया और नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सतबीर जाखौदा को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण सांखोल, अमित तंवर, हल्का अध्यक्ष बलजीत तंवर, रवि सांखोल, नीरज सांखोल, छोटेलाल समेत बहादुरगढ़ क्षेत्र के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 20 को बहादुरगढ़ आएंगे अभय चौटाला

**बहादुरगढ़।** इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला बुधवार 20 अगस्त को बहादुरगढ़ के राठी फार्म में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी लगातार गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गांव कुलासी, निलोठी, जसोर खेड़ी, लोहारहेड़ी, आसोदा, बराही सांखोल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चौपालों व बैठकों में जाकर ग्रामीणों को 20 अगस्त की जनसभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उनके साथ रामनिवास सैनी, देवेंद्र दहिया, राज सिंह, पप्पू खत्री, हवा सिंह, शमशेर दहिया, जयभगवान, बलराज, लाला प्रधान व सुरेन आदि मौजूद रहे।

### समिति ने चलाया डेंगू रोधी अभियान


बहादुरगढ़। जलभराव वाले क्षेत्र में दवा का छिड़काव करते सुरेंद्र। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति द्वारा बहादुरगढ़ में डेंगू रोधी अभियान चलाया गया। इसके तहत महिला थाना, विवेकानंद नगर, देवीलाल पार्क, निरंकारी भवन, गोरैया ग्रीन बेल्ट, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-रोहतक रोड पर डेंगू रोधी दवाई का छिड़काव किया गया। दिल्ली के मलेरिया विभाग में कार्यरत सुरेंद्र डाबला की अगुआई में यह अभियान चलाया गया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने आस पास बरसात का पानी न जमा होने दें। जलभराव में पेट्रोल या डीजल का छिड़काव कर दें। कूलर को हफ्ते में एक बार सूखा कर साफ करें। डेंगू से बचाव का एक ही तरीका है कि सभी जागरूक रहें और बारिश का पानी जमा न होने दें।

### सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल की हैंडबॉल टीम प्रथम


झज्जर। प्रशिक्षकों के साथ उपस्थित हैंडबॉल टीम के विजेता खिलाड़ी।

**झज्जर।** नांगल मूंदी गांव में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-टू की हैंडबॉल प्रतियोगिता में एचडी स्कूल साल्हावास की टीम विजेता बनी है। एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि उनके स्कूल की हैंडबॉल टीम ने अंडर-14 आयु वर्ग में खेलते हुए हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, व जम्मू-कश्मीर की 48 टीमों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की अंडर-17 हैंडबॉल टीम नॉर्थ जोन-टू में तृतीय रही। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने स्कूल स्टॉफ सदस्यों, कोच व अभिभावकों को बधाई देते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने राज्यसभा सांसद को सौंपा ज्ञापन


झज्जर। राज्यसभा सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी संघ प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** अखिल भारतीय एनएचएम कर्मचारी कल्याण संघ सदस्यों द्वारा लंबित मांगों के संबंध में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा को ज्ञापन सौंप शीघ्र समाधान की अपील की गई। एनएचएम कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधि संदीप कुमार जांगड़ा ने बताया कि वे लंबे समय से आमजन के बीच अपनी सेवाएं ईमानदारी और निष्ठा के साथ दे रहे हैं, लेकिन उनकी कई मांगें अब तक पूरी नहीं हुई हैं। यहां तक कि पिछले 3-4 महीनों से वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा, जिससे कर्मचारियों को घर खर्च चलाने में भी कठिनाई आ रही है। उन्हें अभी तक छठे वेतन आयोग के आधार पर ही वेतन मिल रहा है, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ पहले ही दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी बार-बार प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाते रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर अमल नहीं हुआ है। उनकी मुख्य मांगों में बकाया वेतन तुरंत जारी करने, सातवें वेतन आयोग का लाभ देने, वेतन वृद्धि, सेवा शर्तों में सुधार करना शामिल है। ज्ञापन लेने उपरांत राज्यसभा सांसद ने एनएचएम कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों की सिफारिश करते हुए शीघ्र समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

## दूसरे नंबर पर रही गर्ल्स कॉलेज की टीम

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल, हर्षिता व सिमरन ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागी टीम के साथ गणित विभाग के सहायक प्रोफेसर रविन्द्र कुमार बतौर टीम इंचार्ज सम्मिलित हुए। प्राचार्या अलका गुलाटी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, लगन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक तैयारी का परिणाम है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करती हैं।


बहादुरगढ़। आयोजकों के साथ कोमल, हर्षिता व सिमरन। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। राधा–कृष्ण के वेश में नन्हे–मुन्ने बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व नेवी जेसीओ सुरेंद्र सिंह दहिया और प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविताओं और श्रीकृष्ण झांकियों व रास-लीला की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह, स्कूल प्रमुख अशोक शर्मा, निदेशिका विजय लक्ष्मी ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का महत्व बताया।

## नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा करवाई

**बहादुरगढ़।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सेक्टर-13 में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें बीके अंजलि दीदी ने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन चरित्र का वर्णन किया। बीके रेणु दीदी ने नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा करवाई। सेक्टर-9 सेवा केंद्र में बीके प्रीति बहन ने स्वतंत्रता का महत्व समझाया। विशाल ने युवाओं को राजयोग करवाया। बीके दीपा ने सच्ची आजादी कविता गाई। बच्चों ने देशभक्ति नृत्य और कविताओं से प्रभावित किया। बीके सुरेंद्र, बीके रोहतास, बीके संदीप, बीके दिनेश, बीके ममता, निधि व दीपा बहन आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में योग करके दिखाती युवती। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

## जसौरखेड़ी मे बैंक कॉलोनी में हुआ भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव जसौर खेड़ी में जय दादा खीमा वाले के विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इसमें विधायक राजेश जून ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और बुजुर्ग श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। साथ ही भंडारे के लिए 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की। इसके उपरांत विधायक राजेश जून ने शहर की बैंक कॉलोनी स्थित काली माता मंदिर पर हुए भंडारे में शिरकत करते हुए प्रसाद ग्रहण किया और 5100 रुपये की धनराशि दान स्वरूप मंदिर कमेटी को भेंट की।

## बाल विकास को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में विद्यार्थियों ने पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों की जोशीली और देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के बल पर स्कूल को बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम चौधरी, डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर व डॉ. सीमा छिल्लर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। शिक्षकों और कोच का आभार व्यक्त किया।



## स्वामी शक्तिवेश महाराज की जयंती मनाई

**झज्जर।** कई गुरुकुलों के संचालक अमर बलिदानी स्वामी शक्तिवेश महाराज की जयंती पर शहर के टिल्ला मौहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आत्मशुद्धि आश्रम बहादुरगढ़ के अधिष्ठाता आचार्य विक्रम देव ने की। उन्होंने कहा कि वैदिक सनातन धर्म पूरी तरह वेद आधारित है। हमारे ऋषि-मुनियों व महापुरुषों ने वेद की मान्यताओं से पूरे विश्व को प्रकाशित किया। कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा योगाचार्य मुकेश आर्य ने बताया कि यज्ञ की अग्नि हमें जीवन में ऊपर उठने की प्रेरणा देती है। यज्ञ अग्नि ताप, गति और प्रकाश की प्रतीक है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य होशियार सिंह व विशिष्टातिथि के रूप में माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पलवल के प्राचार्य बालेश्वर अपने-अपने संबोधन में सनातन धर्म को हर कसौटी पर खरा उतरने वाला बताया। इस मौके पर ब्रह्मचारी इंद्रजीत आर्य, पूर्व विधायक अजीत सिंह, डॉक्टर सम्मत सिंह, प्रवीण शर्मा, बसंत, धर्मवीर फौजी, संदीप दीक्षित, दलपत यादव, महाशय रतीराम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## शिविर में 65 लोगों ने किया रक्तदान


बहादुरगढ़। कैंप में रक्तदाता को प्रोत्साहित करते विक्की शर्मा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** देवकरण धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। रक्त का संचय ब्रह्मशक्ति संजीवनी हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी मनोज शर्मा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। अस्पताल के मैनेजर विक्की शर्मा ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। उन्होंने आकाश पंवार के साथ रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तरूण शर्मा, मंजीत जांगड़ा, सचिन छिल्लर, सुनील दत्त, रमन, हिमांशू जांगड़ा, विजय, विनोद कुमार व विजय जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### कॉलेज सुधार के लिए 51 सदस्यीय कार्यकारिणी और 11 सदस्यीय एकेडमी समिति बनाने का लिया निर्णय


झज्जर। पंचायत के दौरान अपनी बात रखते हुए प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** शनिवार को दूबलधन गांव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर रिटायर्ड एसडीओ नसीब सिंह की अध्यक्षता में कॉलेज पुनरूत्थान के लिए पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें रणवीर सिंह कादियान, एसएन शर्मा, सुखचंद कादियान, रामफल, यादराम शर्मा, प्रोफेसर कुलताज सिंह, प्रोफेसर समंदर सिंह, श्रीभगवान, शिवनारायण शास्त्री, सरपंच नरेंद्र, मास्टर जय भगवान, छत्र सिंह आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। आखिर में यह निर्णय लिया गया कि कॉलेज के सुधार व पुनरुत्थान के लिए हम अपने पूर्वजों की तरह तन मन धन से सहयोग और सेवा कार्य करेंगे। पंचायत ने कॉलेज के सुधार के लिए 51 सदस्यीय कार्यकारिणी तथा 11 सदस्य एकेडमी समिति बनाने का निर्णय लिया जो इस कॉलेज के उत्थान के लिए हर तरह के कार्य करेंगी। इस कॉलेज के संस्थापक स्तंभों को भी वक्ताओं द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। रिटायर्ड एसडीओ नसीब सिंह कादियान ने कहा कि राजकीय दूबलधन कॉलेज ने शिक्षा और खेल की अंतरराष्ट्रीय विभूतियों को तैयार करने में योगदान दिया है। यदि यह कॉलेज दोबारा अपने परम वैभव पर पंहुचता है, तो इस क्षेत्र की तरक्की को कोई नहीं रोक सकता। इस क्षेत्र की तरक्की का रास्ता दूबलधन कॉलेज से होकर गुजरता है। मंच संचालन प्रोफेसर अजय कादियान ने किया।


बहादुरगढ़। मुरली मनोहर मंदिर में पूजा करती चेयरपर्सन सरोज राठी व अन्य।

# न्याय के मार्ग पर चलने का किया आह्वान

**बहादुरगढ़।** प्राचीन मुरली मनोहर मंदिर समेत शहर के अनेक मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने इनमें बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और श्रद्धालुओं को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर रमेश राठी, पवन रोहिल्ला, मनमोहित गुप्ता, पंडित नकुल, पंडित योगेश शास्त्री, पंडित कृष्णा, पंडित शिवनारायण, भुवनेश सिंहल, बालकिशन गुप्ता, नरेश राठी, नरेश मुदगिल, प्रवीण भारद्वाज, पंडित खेमचंद भारद्वाज, गगन तिवारी, अनिल, विवेक तिवारी, राजपाल और कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। जटवाड़ा मोहल्ला में शोक जताते पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा। फोटो :हरिभूमि

## पूर्व सीएम ने जटवाड़ा व परनाला में जताया शोक

**बहादुरगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने शनिवार को बहादुरगढ़ के जटवाड़ा मौहल्ला में पहुंचकर सत्यवान राठी के निधन पर शोक जताया। इसके अलावा परनाला में पूर्व सरपंच के पति रामकंवार राठी के निधन पर शोक जताया। बता दें कि सतपाल राठी के बड़े भाई व पार्षद डा. नीना राठी के ज्येष्ठ सत्यवान राठी का 6 अगस्त को हृदयघात से निधन हो गया था। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने स्व. सत्यवान राठी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। जबकि परनाला की पूर्व सरपंच उर्मिला देवी के पति रामकंवार काला का 8 अगस्त को निधन हो गया था। इस मौके पर जसवंत राठी, नरेश राठी, रवि खत्री, वजीर राठी, राजपाल आर्य, समुंद्र सहवाग, सतीश घई, जितेंद्र राठी, श्रीओम अहलावत व असलम खान आदि मौजूद रहे।

# अभिभावकों ने शिक्षकों से ली अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। बैठक में शिक्षकों से अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति को लेकर चर्चा करते हुए अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

एमआर स्कूल हसनपुर में अभिभावक-शिक्षक बैठक व विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार तथा समग्र विकास को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों के मध्य संवाद स्थापित करने के उद्देश्य सेसुबह आठ बजे शुरू हुई बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक सोमबीर कोडान ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि हर बच्चा अलग होता है और हर किसी की सफलता की यात्रा अलग होती है। लगातार प्रयास ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय में आयोजित विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक विद्यार्थियों के विकास में एक सेतु की भूमिका निभाती है। बैठक के समापन पर अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं व शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे संवादात्मक आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## खबर संक्षेप

### छोटूराम धर्मशाला में हुआ ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरमैन उमेद सिंह खत्री ने ध्वजारोहण किया। मौके पर प्रधान सतीश राठी, उपप्रधान मनीष अहलावत, संयोजक जगबीर सुहाग, सचिव रविंद्र देशवाल, सह सचिव अजय कादियान, खजांची तेजिंद्र खत्री, महेंद्र कादियान, रणवीर राणा, देवेन्द्र पूनिया, पार्षद रजनीश मोनू, पूर्व पार्षद संदीप, पवन, राजू, आशीष जांगड़ा, लीला छिल्लर, ढिल्लू नंबरदार, रवि रोहिल्ला, संजय भारद्वाज व प्रिंस मौजूद रहे।

### बहादुरगढ़ की नई बस्ती में भी गूंजी देशभक्ति

**बहादुरगढ़।** नई बस्ती स्थित ओम शांति भवन पर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। बीके अमृता दीदी ने बताया सच्ची स्वतंत्रता केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक भी होनी चाहिए। हमें अपने भीतर के विकारों पर विजय पाकर आत्मा की पवित्रता को पुनः स्थापित करना होगा। जब मन और बुद्धि विकारों से मुक्त होते हैं, तभी हम वास्तविक सुख, शांति और आनंद का अनुभव कर सकते हैं। अंत में सभी को सच्ची स्वतंत्रता का संकल्प दिलाया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### छोटूराम नगर में फहराया तिरंगा

**बहादुरगढ़।** स्वतंत्रता दिवस पर छोटूराम नगर स्थित अमन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा सुशासन विभाग के जिला अध्यक्ष रामकंवार सैनी ने झंडा फहराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने आजादी के अग्रदूतों को याद किया। शहीद सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। मौके पर आशु सैनी, रमेश आर्य, धर्मेंद्र सैनी, संजीत राठी व अरुण अहलावत आदि उपस्थित रहे।

## दा झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

# स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी के संघर्ष बलिदान व एकता का प्रतीक : देशवाल

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति को जीवंत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय लघुसचिवालय परिसर स्थित दा झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थापना अधिकारी संदीप राज्याण ने की, जबकि मुख्यातिथि के तौर पर बैंक के वाइस चेयरमैन राजबीर देशवाल ने शिरकत की। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित जनों को देशभक्ति एवं कर्तव्य परायणता का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक भाषणों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति को जीवंत किया गया। मीडिया प्रभारी पंडित लोकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से सभी कर्मचारियों और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित किया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक नीरज धनखड़, मांगेराम बुल्याण, ईश्वर सिंह, अमित गुलिया, अनूप गहलावत, सुंदर सिंह, कृष्ण गुलिया, विजय कुमार, सचिन धनखड़ सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित वाइस चेयरमैन राजबीर देशवाल एवं स्टॉफ कर्मी।


**झज्जर।** ध्वजारोहण के समय मंच पर उपस्थित मुख्यातिथि, भूतपूर्व सैनिक व शिक्षक।

### दहकोरा में रिटायर्ड कैप्टन ने किया ध्वजारोहण


**बहादुरगढ़।** मुख्य अतिथि कैप्टन मंगलीराम को नेताजी की तस्वीर भेंट करते प्रिंसिपल।

**बहादुरगढ़।** गांव दहकोरा के सरकारी हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन मंगली राम रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद प्राथमिक व उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, देशभक्ति कविताएं और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि मंगली राम ने विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने, मेहनत करने और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सरपंच कविता, प्रिंसिपल सुभाष हुड्डा, कुलदीप, रोशनी, अंजू बाला, रजनी, प्रिया और पंकज आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### अंबेडकर स्कूल में ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. अंबेडकर स्कूल में धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर डॉ. अंबेडकर सभा बहादुरगढ़ के प्रशासक सोरण सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

### स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता : ऊषा देवी

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कबलाना में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 96 वर्षीय भूतपूर्व सैनिक देवी सिंह पहलवान ने ग्राम सरपंच ऊषा देवी व सरपंच प्रतिनिधि हंसबीर कोडान के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। सरपंच ऊषा देवी ने बताया कि आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने देश रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले सैनिकों को भी सलाम किया। इस मौके पर दीवान सिंह, कैप्टन राजेंद्र, मास्टर दरियाव सिंह, पूर्व नौ सैनिक प्रदीप, महेंद्र पहलवान, वेदप्रकाश, हजारी लाल, जोगेंद्र पंडित, पहलवान कप्तान सहित अन्य मौजूद रहे।

### वैश्य बीएड कॉलेज में किया ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल, महासचिव सुरेश अग्रवाल, मैनेजर पवन गोयल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संदीप अग्रवाल तथा प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने ध्वजारोहण किया। देशभक्ति गीतों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। कार्यक्रम में सुनीता, सारिका, मोनिका व आरती आदि मौजूद रहे।

### सराय में दौड़कर मनाया आजादी का जश्न


**बहादुरगढ़।** दौड़ का शुभारंभ करवाते कोच करण राठी।

**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद में स्थित डॉ. ललित भनोट अकेडमी में दौड़ का आयोजन करके स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कोच करण राठी ने बताया कि जूनियर वर्ग में आदित्य ने स्वर्ण, कबीर ने रजत और डेनिश ने कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ग में नवदीप ने स्वर्ण, कुलजीत ने रजत और आदित्य ने कांस्य पदक जीते। लड़कियों में महक ने स्वर्ण, निर्मला ने रजत और परी ने कांस्य पदक जीता। इस दौरान मास्टर करमजीत अहलावत, बिजेंद्र ढांडा और केशर गौतम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दिनेश कौशिक ने कई जगह किया ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** भाजपा के विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने अनाज मंडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर ध्वजारोहण किया। अनाज मंडी में उनके साथ चेयरपर्सन सरोज राठी, पार्षद भीम सिंह प्रणामी, राजबाला, अमित कौशिक, प्रधान प्रदीप बबलू गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, सुदेश रंगा और पार्षद राजेश तंवर भी मौजूद रहे। उन्होंने सेक्टर-2 स्थित पार्क में भी ध्वजारोहण किया। गांव लोवा खुर्द के सरकारी स्कूल में भी ध्वजारोहण किया। बच्चों को देशभक्ति एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।


**बहादुरगढ़।** परिजनों के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाते डॉ. पंकज जैन।

### भाजपा ने चलाया हर घर तिरंगा अभियान

**बहादुरगढ़।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने आवास पर परिजनों के साथ तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उन्होंने कहा कि तिरंगा झंडा हर देशवासी के लिए आन, बान और शान का प्रतीक है। डॉ. पंकज जैन ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमेशा अपने वीर बलिदानियों का ऋणी रहेगा और हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

### गर्ल्स कॉलेज में किया ध्वजारोहण

बहादुरगढ़। राजकीयम महिला महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुआ। विद्यार्थियों ने आजादी के अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या अलका गुलाटी ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। हमें मिलकर देश की प्रगति, एकता और सामाजिक समरसता के लिए कार्य करना चाहिए।

### कानोंदा स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

बहादुरगढ़। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कानोंदा में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सेवानिवृत्त सैनिक कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष श्री रामनिवास छिकारा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सरोज देवी ने की। मोनिका देवी की देखरेख में हुए कार्यक्रम में मंच संचालन सुरेश वर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने झांकियां प्रस्तुत कीं एसएमसी सदस्य जगबीर मेहरा व बिजेंद्र नंबरदार ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मौके पर गांव के भूतपूर्व सैनिक नफे सिंह, श्रीओम व बलजीत आदि मौजूद रहे।

### नरेश जून ने किया ध्वजारोहण

बहादुरगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश जून ने अपने संस्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सभी ने देशभक्ति के नारे लगाए। नरेश जून ने कहा कि युवा देश की एकता, अखंडता और विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है।

### स्कॉलर्स में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**बहादुरगढ़।** स्कॉलर्स ग्लोबल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया। छात्रों ने स्किट /"भारत नवाचार– नया आत्मनिर्भर भारत/" से प्रभावित किया। स्किट में /"ऑपरेशन सिंदूर/" की झलक भी दर्शाई गई। देशभक्ति गीतों ने सभी के हृदय में राष्ट्रप्रेम की लौ प्रज्वलित की। प्रिंसिपल ने स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ स्पष्ट किया।

# जूपिटर में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

रोहद स्थित जूपीटर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में स्कूल निदेशक राजकुमार रुहिल ने ध्वजारोहण किया। चारों हाउसों ने अपनी अपनी वेशभूषा में परेड का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य राजपाल सिंह सनवाल और राजकुमार रुहिल को विद्यार्थियों ने सलामी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्र की उन्नति में सहयोग देना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


**बहादुरगढ़।** स्वयं द्वारा बनाए गए तिरंगे दिखाते विद्यार्थी।

### नागरिक अस्पताल परिसर में मरीजों को फल बांटे

**झज्जर।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला रेडक्रास सोसायटी की चेयरपर्सन मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने नागरिक अस्पताल में विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मरीजों ने बताया कि डॉक्टरों व अस्पताल की टीम द्वारा उन्हें सही ढंग से उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस दौरान मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने मरीजों को फल वितरित किए और अस्पताल स्टॉफ को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला, जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव देवेंद्र चहल सहित स्टॉफ के अन्य भी मौजूद रहे।

### सार्थक समिति ने मनाया स्वतंत्रता दिवस


**बहादुरगढ़।** सेक्टर-9 में स्वतंत्रता दिवस मनाते समिति सदस्य।

**बहादुरगढ़।** सार्थक सेवा समिति ने सेक्टर-9ए के कम्युनिटी सेंटर में स्वतंत्रता दिवस मनाया। ध्वजारोहण के उपरांत बच्चों ने सार्थक पब्लिक लाइब्रेरी में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समिति अध्यक्ष एनएस कपूर ने कविता सुनाकर स्वतंत्रता के संघर्ष के बारे में बताया। करीब 90 वर्षीय महाबीर प्रसाद मुद्गल और बीके प्रीति दीदी का सम्मान किया गया। सुदेश संदूजा ने भी कविता सुनाई। इस दौरान 80 वर्षीय एसएम पाल, 77 वर्षीय ज्ञान सिंह सैनी व 77 वर्षीय एचसी रोझा को भी सम्मानित किया गया।

### बच्चों को शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह के बारे में बताया


**बहादुरगढ़।** शहीद कैप्टन कुलदीप राठी के स्मारक पर ध्वज लहराते ग्रामीण।

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां सबसे पहले शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह राठी स्मारक पर पूर्व फौजियों और सरपंच प्रतिनिधि राज मास्टर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्रामवासियों द्वारा शहीद कैप्टन कुलदीप सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। स्कूली बच्चों को कैप्टन कुलदीप राठी के बलिदान के बारे में बताया गया। इसके बाद गांव के प्राइमरी स्कूल में ध्वजारोहण किया गया। संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति सदस्य निशांत राठी ने गांव के सरकारी स्कूल के लिए एक इनवर्टर सेट भेंट करने का वादा किया। गांव की रिटायर्ड शिक्षिकाओं सरोजनी, रोशनी और सावित्री देवी के द्वारा 3100 रुपये स्कूल में कार्यों के लिए दिए गए।

### एमई जोगेंद्र सिंधु को किया सम्मानित


एमई जोगेंद्र सिंधु को सम्मानित करते विधायक राजेश जून व अन्य।

**बहादुरगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में हुए उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्ष उल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। इसमें नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु को उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विधायक राजेश जून ने सम्मानित किया। विधायक राजेश जून, एसडीएम नसीब कुमार व एसीपी प्रदीप खत्री ने कहा कि हर अधिकारी व कर्मचारी को अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करना चाहिए।

### सांसद ने किया शहीद की प्रतिमा का अनावरण



**झज्जर।** गांव साल्हावास में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने जांबाज अग्निवीर सैनिक शहीद नवीन जाखड़ की प्रतिमा का अनावरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं के लिए फौज में भर्ती होना गर्व की बात होती है। सेना में देश की दो प्रतिशत आबादी वाले हरियाणा से दस प्रतिशत सैनिक देश सेवा में जाते हैं। लेकिन बीजेपी सरकार देश की फौज को खोखला करने वाली अग्निपथ जैसी योजना लाकर शहीद-शहीद में फर्क कर रही है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक को भी नियमित सैनिक की तरह सारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब तक जितने अग्निवीर भर्ती हुए हैं सरकार उन सभी को नियमित सैनिक का दर्जा दें। उन्होंने कहा कि हम देश भर में अग्निपथ योजना को समाप्त करने की लड़ाई लड़ेंगे।

### वैश्य कॉलेज में मना स्वतंत्रता दिवस


**बहादुरगढ़।** मनोज सिंहल को स्मृति चिह्न देते कॉलेज पदाधिकारी।

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बीसीसीआई के सचिव मनोज सिंघल ने ध्वजारोहरण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कॉलेज छात्राओं ने देशभक्ति के भाव से पूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। मंच संचालन अंजू चौधरी ने किया व प्रीति संयोजिका रहीं। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के असंख्य बलिदानों से भारत ने विश्व में अपनी पहचान बनाई है। प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने कहा कि संघर्षों के बाद मिली आजादी की हम गरिमा बनाए रखें। उप प्रधान पवन जैन ने कहा कि हम बेहतर देश बनाने का संकल्प लें। राजपाल शर्मा ने कहा कि हमें अपने मन-वचन व कर्म से देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। मौके पर मनीष जिंदल, आशीष कुमार, यशपाल गांधी, अजय गुप्ता, एमसी जोशी, अजय कुमार, विकास व विवेक तायल आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर बांधा समां



**झज्जर।** सनराइज हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। विद्यालय निदेशक रवि यादव ने मुख्याध्यापिका रूबी यादव, सरदार रोशन सिंह व पूनम अहलावत के साथ ध्वजारोहण करते हुए तिरंगे को नमन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर समां बांधा। नर्सरी व एलकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने नन्हा मुन्ना राही हूं गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने छोटा बच्चा जानके हमको ना समझाना रे व दूसरी की छात्रा सनवी ने देश भक्ति गीत पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर एक नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय निदेशक रवि यादव ने कार्यक्रम के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

### नाटक के माध्यम से बताया स्वतंत्रता दिवस का महत्व



**झज्जर।** सारथी पब्लिक स्कूल खेड़ी खुम्मार में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में औजस कायत, गरिमा, गर्वित, अंश व दीया ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी वहीं प्राची कायत ने वेलकम स्पीच देकर सभी का मन मोहा। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया।

### देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करने का लिया संकल्प

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति से परिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानियों को नमन करते हुए कहा कि आजादी हमें अपार त्याग और संघर्ष के बाद मिली है। इसलिए हमें इसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। मौके पर स्टाफ सदस्यों और कर्मचारियों ने तिरंगा शपथ ली, जिसमें देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

### अग्रसेन महिला महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय की कार्यकारी प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा व महाराजा एजुकेशन ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम सुंदर गोयल ने मुख्यातिथि मानकचंद गुप्ता के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। महाविद्यालय के फाउंडर सदस्य मुख्यातिथि मानक चंदगुप्ता सन 1984 से महाविद्यालय के निर्माण की यादों को उपस्थित जनसमूह के साथ सांझा किया। कार्यक्रम में संस्था सचिव गौरव गोयल, उप प्रधान प्रवीण गोयल, कोषाध्यक्ष तरुण सिंघल, सदस्य संजय गुप्ता, केशव सिंघल, पीयूष जैन, सुनील जैन, सत्यनारायण गोयल, प्रमोद बंसल व संजय गोयल सहित अन्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नेहरू महाविद्यालय मे आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया गया।

### देशभक्ति से ओतप्रोत झांकियों ने मन मोहा




**बहादुरगढ़।** लडरावण में स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर द्वारा ध्वजारोहण से हुई। विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। बाल वाटिका के नन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण की झांकी और नृत्य से सभी का मन मोह लिया। अंत में प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए।

### होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिकंदरपुर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की शुरूआत गांव के भूतपूर्व सैनिकों द्वारा की गई। राजे राम, कैप्टन नारायण सिंह तथा कप्तान राजपाल तथा विशिष्टातिथि जिले सिंह ने ध्वजारोहण कर देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों को नमन किया। ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का काम किया। विशिष्टातिथि जिले सिंह ने विद्यालय को इस 223 किताबें लाइब्रेरी के लिए भेंट की। प्राचार्य सतवीर ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर प्राध्यापिका पिंकी जाखड़, कैप्टन नारायण सिंह, सदासुख, सत्ते, हरीश, मास्टर कंवर सिंह, हवा सिंह, रामकिशोर अन्य उपस्थित रहे।

